मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 278 ■ रविवार, 2 फरवरी 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

फडणवीस-शिंदे की गिरफ्तारी की साजिश!

# आयुक्त ने सबको याद दिलाई ड्यूटी

## शहर विकास कार्य में आएगी रफ्तार

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका की नवनियुक्त आयुक्त आय ए एस अधिकारी मनीषा आव्हाले को चार्ज लिए करीब 15 दिन ही हुए हैं और उन्होंने इन 15 दिनों में यह दिखा दिया है कि वो उल्हासनगर शहर विकास के लिए कटिबद्ध है। इन 15 दिनों में उन्होंने अपने मुख्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों पर नकेल कसते हुए निलंबन व बदली करके उनको उनकी ड्यूटी याद दिला दी है जिस कारण अब सभी अधिकारी व कर्मचारी आयुक्त के खौफ में कार्य कर रहे हैं। वहीं ठेकेदारों को भी कार्य करने का अल्टीमेटम दिया है। 7 एमएमआरडी की सड़कों का निरीक्षण, सफाई सहित कई बड़े फैसले लेकर उन्होंने अपनी अभी से ही छाप छोड़ दी है।

## डैशिंग आयुक्त के आने से अब सुधरेगा शहर- गंगोत्री



**उल्हासनगर.** शहर को हमेशा से ही ऐसे आयुक्त की आवश्यकता थी जो भ्रष्ट अधिकारियों पर नकेल कसे और शहर विकास कार्य को प्राथमिकता दें। आखिरकार आज आयएएस अधिकारी मनिषा आव्हाले के रुप में हमें दमदार और डैशिंग आयुक्त मिली है जिन्होंने आने से ही सबसे पहले अपने मुख्यालय में कार्यरित अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी याद दिलाई। साथ ही शहर में सफाई कामगार जो हाजरी लगाकर चले जाते थे वो दोपहर तक सफाई करते नजर आ रहे हैं। जिस तेजी से उन्होंने अपने तीखे तेवरों से कार्यभार संभाला है हमें यकीन है कि आने वाले दिनों में शहर का सुधार जरूर होगा। ऐसा राकांपा नेता व पूर्व सभागृह नेता भारत राजवानी गंगोत्री ने आयुक्त से मुलाकात करने के बाद कहा।

## आयुक्त ने की संयुक्त घनकचरा प्रबंधन परियोजना की समीक्षा





### ■ जल्द कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

**उल्हासनगर.** एमएमआरडीए के माध्यम से उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर इन तीन शहरों के संयुक्त घनकचरा प्रबंधन परियोजना का काम बदलापुर के वालवली में चल रहा है। उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त मनीषा अव्हाले ने परियोजना का निरीक्षण व समीक्षा की है तथा संबंधितों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। पिछले कई वर्षों से उल्हासनगर के डंपिंग ग्राउंड में आग और धुएं के कारण नागरिक विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। इस मैदान को हटाने के लिए कई बार विरोध प्रदर्शन हुए हैं। स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार से शिकायत की गई है। अंबरनाथ और बदलापुर इलाकों में भी यही समस्या उत्पन्न हुई है।

इस पर काबू पाने के लिए राज्य सरकार की मंजूरी के बाद एमएमआरडीए के माध्यम से बदलापुर के वालवली क्षेत्र में 8 एकड़ के भूखंड पर उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर तीनों शहरों के लिए एक संयुक्त ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना बनाने का काम शुरू किया गया है. चूंकि यह परियोजना महत्वपूर्ण है, इसलिए आयुक्त मनीषा आव्हाले ने वालवली का दौरा किया और इसकी समीक्षा की. परियोजना में तेजी लाई जानी चाहिए और परियोजना यथाशीघ्र पूरी की जानी चाहिए। उन्होंने संबंधित एमएमआरडीए अधिकारियों और ठेकेदारों को ऐसे निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, सहायक लोक स्वास्थ्य अधिकारी मनीष हिवारे और सहायक आयुक्त मयूरी कदम उपस्थित थे.

## स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ठेकेदार को नोटिस जारी

**उल्हासनगर:** उल्हासनगर महानगरपालिका की आयुक्त का पदभार संभालने के बाद मनीषा आव्हाले ने पिछले सप्ताह विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इसमें उन्होंने वीटीसी मैदान में चल रहे खेल परिसर के रुके हुए काम के संबंध में संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। उल्हासनगर महानगरपालिका की पहली महिला आयुक्त के फैसले से ठेकेदारों और अधिकारियों को झटका लगा है।

उल्हासनगर मनपा प्रशासन की अक्सर आलोचना की जाती है। नागरिकों को उम्मीद थी कि मनपा में भारतीय प्रशासनिक सेवा से एक आयुक्त होगा। नवनियुक्त मनीषा अव्हाले प्रशासनिक सेवा से आती हैं। इसलिए शहर के नागरिकों ने उनकी नियुक्ति पर संतोष व्यक्त किया। मनीषा आव्हाले ने हाल ही में पदभार ग्रहण करने के बाद शहर में रुकी हुई सड़कों और अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की। इसके बाद आयुक्त ने इन सात सड़कों की समीक्षा की और सड़क कार्य के संबंध में विभिन्न सुझाव दिए।

## शहर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश

### मनपा आयुक्त ने ओटी सेक्शन से वीनस चौक तक किया निरीक्षण

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त मनीषा अव्हाले ने स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक कर उन्हें 100 दिन की स्वच्छता योजना तैयार करने और शहर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया।

उन्होंने हाल ही में कई स्थानों का दौरा कर स्वच्छता अभियान का निरीक्षण किया। इस अभियान के तहत मुख्य सड़कों, चौराहों, सार्वजनिक शौचालयों, कार्यालयों, उद्यानों के साथ-साथ सड़कों पर जमी मोटी रेत और धूल को भी लक्ष्य बनाकर क्षेत्र की सफाई करने के आदेश दिए गए थे।



अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय योजना तैयार की गई है और इसे वार्ड समिति स्तर पर शुरू किया गया है।

आयुक्त मनीषा अव्हाले ने उल्हासनगर-4 में ओटी सेक्शन से वीनस चौक तक सड़क का निरीक्षण कर सफाई की जांच की। इस बीच, सड़क की सफाई के बाद कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने पेड़ उखाड़ दिए थे तथा अपनी दुकानों के सामने कूड़ा और चाय के कप डाल दिए थे। मनपा प्रशासन ने शहर की सफाई व्यवस्था में बाधा डाल रहे व्यवसायिक दुकानदारों को स्वच्छता का महत्व समझाकर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने की चुनौती दी है। उन्होंने सफाई निरीक्षक को सड़कों पर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

## अंबरनाथ हेरंब मंदिर में ड्रेस कोड लागू

### सभ्य कपड़े पहनकर मंदिर में आएं




⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर पूर्व के हेरंब मंदिर ट्रस्ट ने मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए ड्रेस कोड लागू किया है. मंदिर में दर्शन लेने के लिए अच्छे कपड़े पहनकर आएं. फटी जीन्स, स्कर्ट, असभ्य कपड़े पहनकर मंदिर में न आएं. ऐसा आह्वान मंदिर समिति ने भक्तों से किया है. इस तरह का फलक मंदिर के बाहर दर्शनी भाग में लगाया गया है. कुछ दिनों पूर्व मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर ने भी भक्तों के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है. इसी पार्श्वभूमि को देखते हुए अंबरनाथ के हेरंब मंदिर ने भी ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया है. हम जब शादी ब्याह में जाते हैं तो या पार्टी में जाते समय ड्रेस कोड लागू करते हैं. फिर मंदिर में भगवान के आगे सर झुकाने, दर्शन लेने के लिए सभ्य कपड़े हम क्यों नहीं पहन सकते? ऐसा प्रश्न हेरंब सेवा समिति के अध्यक्ष अभय सोमण ने पूछा है. समिति की तरफ से कई बार भक्तों को जुबानी सूचना दी गई थी कि असभ्य कपड़े पहनकर ना आएं. इसके बावजूद भी कुछ भक्त इस पर अमल नहीं कर रहे थे. इसलिए हमने अब मंदिर के बाहर बोर्ड लगा दिया है. ऐसा सोमण ने कहा है.

### अंबरनाथ में हिंदी स्कूल की

## शिक्षिका ने शिक्षक पर लगाए गंभीर आरोप





### ■ दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम जावसाई, फुले नगर की प्रियदर्शनी हिंदी स्कूल की एक शिक्षिका ने दूसरे शिक्षक को मारते हुए उन पर ये गंभीर आरोप लगाया है कि शिक्षक एकादशी राम ने उनसे शारीरिक संबंध बनाने की मांग की है. शिक्षक एकादशी राम द्वारा भी शिक्षिका अनिता गुप्ता को मारने से उनके मुंह पर और आंख में चोटें आई हैं. अनिता गुप्ता ने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में एकादशी राम और अन्य शिक्षिका अंजली जैसवाल के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है, तो दूसरी ओर शिक्षक एकदाशी ने भी अनिता के खिलाफ पुलिस में शिकायत करते हुए कहा है कि हम दोनों एक ही स्कूल में शिक्षक हैं. अनिता पर चोरी का आरोप है और उसकी जांच चल रही है. एकदाशी ने अनिता के खिलाफ मुख्याध्यापक को कुछ जानकारी दी है. इसी शक को लेकर अनिता ने उन्हें गालीगलौज की और हाथ से मारा है. दोनों पर अपराध दर्ज हो चुका है. सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने जमा किया है, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि बाइक को रोकने का बोलकर अनिता ने पहले एकदाशी को मारा है. अनिता गुप्ता ने जो आरोप शिक्षक पर लगाया है, वह बहुत ही गंभीर है. दोनों मामले की जांच पुलिस कर रही है. अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है.

## उल्हास नदी पर पुल का काम तेज



**कर्जत.** कर्जत शहर में उल्हास नदी पर श्रीराम ब्रिज के बगल में बनने वाले नए पुल का रुका हुआ काम फिर से शुरू होने पर संतोष व्यक्त किया जा रहा है। इस पुल के काम को लेकर सुस्त पड़े लोक निर्माण विभाग की नींद खुल गई है और जनवरी में रुके इस पुल के काम में फिर से तेजी आ गई है। इसलिए, यातायात की भीड़ से तंग आ चुके कर्जत के निवासियों के साथ-साथ वाहन चालकों ने भी रुके हुए पुल के काम के फिर से शुरू होने पर खुशी जताई है।

कर्जत शहर में उल्हास नदी पर बने पुल पर लगातार यातायात जाम रहता है। सप्ताह का एक भी दिन ऐसा नहीं होता जब ट्रैफिक जाम न हो। इसलिए वहां श्रीराम पुल के बगल में एक नया पुल बनाया जा रहा है। हालांकि, मानसून सत्र समाप्त होने के बाद भी उस पुल का निर्माण अधूरा रहने के कारण कर्जत के पूर्व विधायक सुरेश लाड ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर उम्मीद जताई थी कि यातायात की भीड़ से राहत दिलाने के लिए बनाए जा रहे पुल का काम जल्द पूरा हो जाएगा। कर्जत शहर में इसकी शुरुआत होनी चाहिए।

कर्जत शहर से गुजरने वाली मुरबाड सड़क के लिए 1970 के दशक में उल्हास नदी पर एक पुल बनाया गया था। हालाँकि, उल्हास नदी पर स्थित श्रीराम ब्रिज वर्तमान में यातायात जाम का केंद्र बन गया है। सप्ताहांत में इस पुल पर लगातार यातायात जाम रहता है। सप्ताह का एक भी दिन ऐसा नहीं होता जब पुल पर ट्रैफिक जाम न हो। वाहनों की संख्या में वृद्धि के बावजूद, नया पुल नहीं बनाया गया, और परिणामस्वरूप, कर्जत में श्रीराम पुल यातायात की भीड़ में फंस गया।

इसलिए कर्जत विधायक महेंद्र थोरवे ने श्रीराम ब्रिज के बगल में एक नए पुल के निर्माण के लिए राज्य सरकार से 8 करोड़ रुपये की निधि मंजूर की थी और पिछले साल पुल का शिलान्यास भी किया गया था। उम्मीद थी कि मानसून सीजन से पहले पुल यातायात के लिए खुल जाएगा, लेकिन मानसून सीजन शुरू होने से पहले पुल का आधा काम भी पूरा नहीं हो पाया। फिर, दिसंबर के अंत तक पुल पर काम शुरू नहीं हुआ, और परिणामस्वरूप, पुल के खंभों के लिए इस्तेमाल की गई लोहे की छड़ें जंग खा रही थीं।

पुल के काम में देरी के कारण यातायात जाम की समस्या बनी रहने पर पूर्व विधायक सुरेश लाड ने दिसंबर के अंत में राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को श्री राम पुल के संबंध में एक पत्र लिखा था। सुरेश लाड ने राज्य के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पुल की आवश्यकता और पुल के काम में देरी के कारण होने वाली यातायात भीड़ पर ध्यान देने का अनुरोध किया था।

## ड्राई डे पर शराब की अवैध बिक्री का पर्दाफाश

### ■ अपराध शाखा की कार्रवाई

**उल्हासनगर.** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को जहां देशभर में शराब की दुकानें बंद रहती हैं, वहीं उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने इसी दिन अंबरनाथ में अवैध रूप से देशी-विदेशी शराब की बिक्री का भंडाफोड़ किया है. अपराध शाखा के पुलिस कांस्टेबल रामदास उगले को गोपनीय जानकारी मिली कि एक व्यक्ति अंबरनाथ गांव के दुर्गापाड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से देशी और विदेशी शराब के क्वार्टर बेच रहा है।

उगले ने जब सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कोली को इस घटना के बारे में बताया तो क्राइम ब्रांच तुरंत हरकत में आ गई। बिना समय गंवाए सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कोली के मार्गदर्शन में असिस्टेंट पुलिस सब-इंस्पेक्टर बांडे, हेड कांस्टेबल सावंत, गावड़े, वाघ, जाधव, पुलिस कांस्टेबल शेरमाले, थोरवे की टीम बनाई गई और दुर्गापाड़ा स्थित साबुन फैक्ट्री के पास छापेमारी की गई।



उस समय 24 वर्षीय जगदीश नारायण सुर्वे को अवैध रूप से देशी-विदेशी शराब बेचते हुए पकड़कर हिरासत में लिया गया तथा उसके कब्जे से करीब 40 हजार रुपए कीमत की देशी-विदेशी शराब के क्वार्टर बॉक्स जब्त किए गए।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने बताया कि उक्त मामले का पंचनामा कर आरोपी जगदीश सुर्वे को आगे की जांच के लिए अंबरनाथ शिवाजी नगर पुलिस थाने को सौंप दिया गया है।

## अंबरनाथ के पूर्व नगरसेवक की कार चेंबर से टकरा कर क्षतिग्रस्त

### ■ नेताजी चौक रास्ता निर्माण में चेंबर के ऊपर आ जाने से हादसा

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा की हद में उल्हासनगर नेतदाजी चौक के रास्ते सीमेंटीकरण करने का कार्य गत कई दिनों से चल रहा है. एक तरफ का रास्ता खोदकर रखा गया है. जिसके कारण रास्ते पर का ड्रेनेज लाइन का चेंबर ऊपर की तरफ आ गया है. इस चेंबर से कई बाइक, फोर व्हीलर टकरा कर हादसे का शिकार हो रहे हैं. अंबनराथ के पूर्व नगरसेवक विलास जोशी की कार भी इस चेंबर के ऊपर से जाते समय कार का निचला भाग चेंबर से टकरा जाने के कारण उनकी डीजल की टंकी फट गई और दूरी तक डीजल फैल गया. आगे जाकर उनकी कार रुक गई. इस तरह उनका बड़ा नुकसान हुआ है. उन्होंने हमें बताया कि यहां के दुकानदारों का कहना है कि ये सड़क दूरी तक खोदकर रखी गई है. एक चेंबर ऊपर तक आने के कारण इस चेंबर से रोजाना कोई ना कोई वाहन टकरा जाता है.



सड़क खोदते समय मिट्टी, धूल उड़कर दुकानों में जा रही है. दुकानदारों का कहना है कि इस सड़क को जल्द से जल्द बनाया जाए. विलास जोशी ने कहा है कि वह इसकी शिकायत महापालिका आयुक्त से करके सड़क निर्माण में तेजी लाने को कहेंगे.

## कडोंमपा क्लर्क रिश्वत लेते गिरफ्तार

### ■ डेढ़ लाख रुपये लेते रंगे हाथों पकड़ा

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका के मार्केट एवं लाइसेंसिंग विभाग के क्लर्क प्रकाश काशीनाथ धीवर को ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

भ्रष्टाचार निरोधक विभाग द्वारा थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, शिकायतकर्ता नगर निगम सीमा के भीतर मटन बेचने का कारोबार करता है। बाजार एवं लाइसेंसिंग विभाग के क्लर्क प्रकाश धीवर ने इस व्यवसाय के लिए लाइसेंस आवेदन को मंजूरी देने और लाइसेंस हस्तांतरित करने में मदद करने के लिए शिकायतकर्ता से अपने और अपने वरिष्ठों के लिए 2 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। चूंकि शिकायतकर्ता इतनी राशि देने में असमर्थ था, इसलिए क्लर्क ने समझौते के तौर पर एक लाख 50 हजार की राशि स्वीकार करने पर सहमति जताई। शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी कि मार्केट एवं लाइसेंसिंग विभाग के कर्मचारी उससे मोटी रिश्वत मांग रहे हैं, जबकि लाइसेंस वैध है। बुधवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा किए गए सत्यापन अभियान के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि धीवर रिश्वत मांग रहा था।



भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारियों ने महानगर पालिका में जाल बिछाया। क्लर्क प्रकाश धीवर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने शिकायतकर्ता से 1.5 लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। चूंकि इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों का नाम शामिल है, इसलिए टीम मामले की जांच कर रही है और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शिवराज पाटिल के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक संतोष अम्बिके के नेतृत्व वाली टीम ने की।

## दहागांव के जंगल में मोर की संदिग्ध मौत

### ■ अवैध शिकार का संदेह

**टिटवाला.** कल्याण तालुका के दहागांव वन के सर्वे नंबर 6 में एक मोर मृत पाया गया। इस मोर की संदिग्ध मौत से वन्यजीव प्रेमियों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है। जैसे ही वन समिति के सदस्य गोरक्ष बांधणे को इसकी जानकारी मिली, वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान जिस जंगल में मृत मोर मिला था, वहां छह से सात शिकार के जाल भी मिले। इससे यह संदेह पैदा होता है कि जंगल में अवैध शिकार हो रहा है। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। इसके बाद वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने पंचनामा कार्रवाई के बाद मृत मोर को कब्जे में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वन रेंज अधिकारी संजय चन्ने ने घटना का संज्ञान लेते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### ■ पेड़ों की अवैध कटाई

हालांकि क्षेत्र में शिकारियों द्वारा जानवरों का शिकार किया जा रहा है, लेकिन वन विभाग अभी तक एक भी संदिग्ध को नहीं पकड़ पाया है। दूसरी ओर, यह बात भी सामने आई है कि बड़ी संख्या में पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। स्थानीय नागरिकों और वन्यजीव प्रेमियों ने इस पर नाराजगी जताई है। इस बीच, जंगल में गश्त बढ़ाने की मांग की गई है।

### ■ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

राष्ट्रीय पक्षी मोर एक संरक्षित पक्षी है और इसका शिकार करने पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। चूंकि ऐसी घटनाएं अभी भी हो रही हैं, इसलिए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। आगे की जांच चल रही है और स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस घटना के दोषियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाए।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — संपादकीय

## आसमान छू रहा हवाई जहाज का किराया

विमानन कंपनियों के विस्तार और सस्ते हवाई टिकट के वादे के बाद उम्मीद जगी थी कि कम आय वर्ग से आने वाला आम आदमी भी जरूरत पड़ने पर विमान यात्रा कर सकेगा। रेलगाड़ियों में असुविधाओं, टिकट के दाम और उनकी उपलब्धता की स्थिति में उसे एक विकल्प मिलेगा। मगर प्रीमियम किराए का दौर शुरू होते ही और मांग तथा पूर्ति में असंतुलन की आड़ में मनमानी होने लगी। आसमान छूते विमान किराए ने आम आदमी को फिर से जमीन पर उतार दिया।


अब एक बार फिर हवाई सफर ज्यादा समर्थ लोगों की ही पहुंच में सिमटता जा रहा है। प्रमुख त्योहारों के समय, शादियों के मौसम में या छुट्टियों के दौरान कहीं जाने वालों से मुनाफाखोरी होने पर भी नागर विमानन मंत्रालय आंखें मूंदे रहता है। नतीजा यह कि यात्रियों के हितों को नजरअंदाज करते हुए ज्यादातर कंपनियां अंतिम समय में बेहिसाब किराया बढ़ा देती हैं। जबकि कई बार कुछ लोग आपात स्थिति और मजबूरी में भी आखिर में विमान यात्रा का विकल्प चुनते हैं। हैरत है कि सरकार न तो हस्तक्षेप करती है और न ही कोई दिशा-निर्देश जारी करती है। जाहिर है, विमानन कंपनियों के इस तरह मुनाफा कमाने पर कोई लगाम नहीं है। कुंभ के दौरान जिस तरह से किराए में भारी उछाल आया है, उस पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। देर से ही सही, सरकार हरकत में आई है। उसके निर्देश के बाद एक विमानन कंपनी 'इंडिगो' ने अपने किराए में तीस से पचास फीसद तक कटौती कर दी। इससे यही लगता है कि किराया वसूलने के मामले में विमानन कंपनियां किस तरह की मनमानी करती हैं। हाल ही में लोक लेखा समिति की बैठक में आसमान छूते हवाई किराए पर गहरी चिंता जताई गई थी।

मांग आधारित किराए की व्यवस्था में जब तीन-चार हजार का टिकट अठारह या बीस हजार का हो जाए, तो हवाई सफर सपना ही बनने लगता है। मांग बढ़ने पर या अंतिम समय में टिकट चाहने वालों से मनमाना किराया वसूलने के पीछे आखिर क्या आधार होते हैं? सरकार भी विमान किराए में पारदर्शिता लाने, मनमानी और मुनाफाखोरी पर अंकुश लगाने में विफल रही है। सवाल है कि जिन आधारों पर किराए बढ़ाए जाते हैं, उन्हें तर्कसंगत क्यों नहीं बनाया जाता!

# महाकुंभ में भगदड़ : हादसे से सीखे जाएं सबक

भव्यता से संपन्न हो रहे प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ से 30 श्रद्धालुओं की मृत्यु आघातकारी घटना है। इस घटना ने सबको दुखी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटना का विवरण देते हुए भावुक हो गए। भगदड़ के बाद महाकुंभ की शास्त्रीय व्यवस्था में साधु-संतों का स्नान, जिसे अमृत स्नान कहा जाता है, का सर्वाधिक महत्व माना जाता है। ऐसा लगा कि भगदड़ के कारम इस अपरिहार्य शास्त्रीय परंपरा पर विराम लगाना पड़ेगा, किंतु अंततः विलंब से ही सही अमृत स्नान हुआ।

घटना के कुछ समय बाद ही स्थिति नियंत्रित कर ली गई। एक ओर मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में स्नान करते लोग प्रफुल्लित थे तो दूसरी ओर जिनके अपने बिछड़ गए, वे व्यथित थे। हालांकि सनातन धर्म में मनुष्य की मृत्यु का कारण, स्थान और समय पूर्व निर्धारित माना गया है। इसीलिए कहा गया है कि मृत्यु पर शोक कैसा और जन्म पर उल्लास कैसा, लेकिन दुःख की घड़ी में जीवन सत्य की ऐसी बातें आसानी से लोगों के गले नहीं उतरतीं। हम जिस काल और परिस्थिति में हैं, उसके अनुसार भी इस घटना की व्याख्या करनी होगी। त्रासदी हुई है तो किसी न किसी को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी। यह भी देखना होगा कि कहां, क्या, किससे गलती हुई? इसके भी जतन करने होंगे कि आगे भीड़ प्रबंधन में कमी से कहीं कोई अप्रिय घटना न हो। मुख्यमंत्री ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश के साथ मृतकों के लिए सम्मानजनक 25 लाख रुपए क्षतिपूर्ति की घोषणा की।



यह मृतकों के परिवारों को थोड़ी सांत्वना अवश्य देगा। घटना के निश्चित कारणों की जानकारी जांच रिपोर्ट से ही सामने आएगी, लेकिन वीआइपी व्यवस्था पर प्रश्न उठाने वाले नेताओं को स्वयं के अंदर झांकना चाहिए कि क्या वे इसे छोड़ सकते हैं? वीआइपी व्यवस्था वहां समस्या थी, लेकिन अखिलेश यादव को भी वहां वही वीआइपी व्यवहार मिला। वैसे इस त्रासदी में वीआइपी व्यवस्था की भूमिका नहीं दिखती।

लगता यही है कि मौनी अमावस्या के ब्रह्म मुहूर्त स्नान के लिए एकत्रित भारी जनसमूह के बीच अफरातफरी मचने और उसके चलते बैरिकेडिंग टूटने से हादसा हुआ। बैरिकेडिंग टूटने के बाद लोग एक के ऊपर एक चढ़कर निकलने लगे और वहां जो श्रद्धालु स्नान की प्रतीक्षा में लेटे थे, वे भी कुचले गए।

घटना इतनी भी हो तो दिल दहल जाता है कि क्या बीती होगी उन लोगों पर, जो संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ की दृष्टि से वहां बैठे या लेटे रहे होंगे। इनकी संख्या भी अच्छी-खासी थी, क्योंकि 3:00 बजे भोर से मौनी अमावस्या के अमृत स्नान का ब्रह्म मुहूर्त था। जिन्हें हमारे पंचांग, कर्मकांडों, उनके मुहूर्त आदि की तात्विक जानकारी नहीं, वे इसके महत्व को नहीं समझेंगे। करोड़ों लोगों का अंतर्भाव उस मुहूर्त के साथ स्नान का है। भगदड़ की घटना के बाद अखाड़े और अन्य आश्रमों ने पूरी तरह संयम का परिचय दिया और सहयोग का उदाहरण प्रस्तुत किया। यह सामान्य बात नहीं है कि जो संत निश्चित मुहूर्त में निर्धारित समय के अनुसार स्नान पूर्व के कर्मकांड संपन्न कर चुके हों, उन्हें अचानक रोकने को कहें और वे मान लें और विलंब से स्नान के लिए जाएं। यह हमारी महान संत परंपरा की मानवीयता, संवेदनशीलता और सहनशीलता का उदाहरण है।

स्वाभाविक रूप से पुलिस प्रशासन पर अमृत स्नान को सर्व प्रमुखता देकर संपन्न करने का दायित्व था और वे व्यवस्था कर भी रहे थे। मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए जितनी बड़ी संख्या एकत्रित हुई, उसका दबाव पुलिस प्रशासन पर बिल्कुल रहा। भोर तीन बजे से अमृत स्नान होना था। अखाड़ों, संतों की निर्धारित सवारियां आनीं थीं, जिन्हें निर्बाध रूप से संपन्न कराना था। इसलिए संभव है कि आम लोगों को उसके पहले स्नान कराकर कुछ घाटों को खाली करने की योजना रही हो। मौनी अमावस्या पर करीब 8-10 करोड़ की संख्या प्रयागराज में पहुंच चुकी थी। यह विश्व के किसी शहर ही नहीं, अनेक देशों की आबादी से भी ज्यादा संख्या है।





हम चाहे इसे पहचानें या नहीं, लेकिन प्रभु ही वो धागा हैं जो हमारे जीवन की बुनाई में पिरोए हुए हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


## विशिष्ट व्यक्तियों के लिए वीआईपी प्रोटोकाल खत्म

प्रयागराज में इस बार के महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, इसकी संभावना पहले से थी। इसके समांतर सरकार की ओर से जिस पैमाने पर आयोजन और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में प्रचार किया गया था, उसमें किसी बड़े हादसे की आशंका कम लोगों को रही होगी। मगर पिछले कुछ दिनों के भीतर वहां व्यापक पैमाने पर फैली अव्यवस्था और उसके नतीजे में दुर्घटना के उदाहरण सामने आए, वे हैरान करने वाले हैं।

वहां आम लोगों के लिए रात में टिकने से लेकर आस्था की डुबकी लगाने तक की स्थिति इतनी विकट थी कि बहुतों के लिए महाकुंभ एक दुःस्वप्न बन रहा था। इसी बीच मौनी अमावस्या के मौके पर हुई भगदड़ और उसमें कई लोगों की मौत मेले में अव्यवस्था के चरम उदाहण के रूप में सामने आई। इस तरह की बहुस्तरीय समस्याओं की जड़ में एक बड़ा कारण यह देखा गया कि मेले में पहुंचने वाले विशिष्ट या अति विशिष्ट लोगों के लिए कुछ विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। इसका असर स्वाभाविक रूप से वहां पहुंचे आम लोगों की गतिविधियों पर पड़ा और नतीजे में एक त्रासद घटना हुई।

अब देर से सही, उत्तर प्रदेश की सरकार ने एक सख्त, लेकिन जरूरी फैसला किया है, जिसके तहत अमृत स्नान और सभी प्रमुख स्नान पर्वों के मौके पर विशिष्ट और अति विशिष्ट व्यक्तियों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस फैसले के बाद अब अमृत स्नाान के साथ-साथ प्रमुख स्नान पर्वों और इसके नजदीक की तिथियों पर प्रशासन की ओर से किसी भी तरह के 'वीआइपी प्रोटोकाल' लागू नहीं होंगे।



यों मेले में कई स्तर पर जिस तरह की असुविधाएं पैदा हो रही थीं, उस संदर्भ में ऐसी शिकायतें आम थीं कि प्रशासनिक अमले का एक बड़ा हिस्सा अति विशिष्ट लोगों को निर्बाध तरीके से वहां आने और स्नान आदि के लिए सुविधाएं और सुरक्षा मुहैया कराने में लगा हुआ था। दूसरी ओर, इस वजह से श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती तादाद के मद्देनजर विशेष तिथि वाले स्नान पर्व के दिन व्यवस्था संबंधी समस्या पैदा होने की आशंका खड़ी हो रही थी। बेहद संवेदनशील स्थितियों को छोड़ दिया जाए. तो सभी विशिष्ट घोषित लोगों के लिए अलग से सुविधा मुहैया कराना ही अपने आप में समस्या पैदा होने की वजह हो सकती है। इसके बावजूद सरकार ने इस पक्ष पर गौर करने में देर कर दी।

महाकुंभ की अहमियत को देखते हुए इसका आयोजन एक बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन इसके साथ ही ज्यादा जरूरी यह है कि इस जिम्मेदारी को व्यवस्थागत मोर्चे पर पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए कामयाबी के साथ पूरा किया जाए। विडंबना यह है कि हमारे देश में इस तरह के धार्मिक आयोजनों में भी विशिष्ट कोटि में माने जाने वाले व्यक्तियों को जो खास महत्त्व दिया जाता है, उसमें सरकारी तंत्र को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। इससे वहां पहुंचे आम श्रद्धालुओं की सुविधाएं सिमटती हैं और इस क्रम में कई बार जो अव्यवस्था पैदा होती है, कई बार उसे संभालना मुश्किल हो जाता है। जबकि महाकुंभ जैसे मेले में साधारण लोगों को भी अपने लिए जगह और कद्र महसूस होनी चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ में कुछ जगहों पर आग लगने से उपजे जोखिम, भगदड़ और उसमें श्रद्धालुओं की जान जाने की घटना यह रेखांकित करती है कि कुछ लोगों के लिए विशेष सुविधाओं के क्या नतीजे हो सकते हैं। अब विशिष्ट और अतिविशिष्ट व्यक्तियों के लिए नियम को लेकर उत्तर प्रदेश की सरकार का फैसला स्वागतयोग्य है, लेकिन इसे पहले ही लिया जाना चाहिए था।


## मशीन में फंसा अजगर ! बचाने के लिए 4 घंटे चली सर्जरी

**जरा हट के**

गुजरात के नवसारीजिले के बोरियाच गांव में स्थित एक प्राइम कोल्ड स्टोरेज फैक्ट्री में चार फुट लंबा अजगर फंस गया था. कोल्ड स्टोरेज फैक्ट्री में फंसे अजगर को वन्य जीव संरक्षण और संवर्धन के लिए काम कर रही वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम ने रेस्क्यू कर उसकी जान बचाई.

बता दें कि नवसारी जिले के बोरियाच गांव में स्थित प्राइम कोल्ड स्टोरेज फैक्ट्री में एक असामान्य बचाव अभियान चलाया गया, जहां एक चार फुट लंबे अजगर को बॉटल पैकेजिंग मशीन से बचाकर उसकी सफल सर्जरी की गई.

वाइल्डलाइफ रेस्क्यू करने वाले सागर पटेल को घटना की जानकारी मिलते ही वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे. वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की श्रेणी-1 में शामिल इस भारतीय अजगर को मशीन में फंसा हुआ पाया गया.




सागर पटेल और जय पटेल ने अजगर को मशीन से बाहर निकालने के बाद उसे कामरेज यूनिवर्सिटी की वेटरनरी अस्पताल में पहुंचाया. आरएफओ मीना पटेल और नवल राठौड़ की मौजूदगी में, एनजीओ ट्रस्टी चिंतन मेहता, बिपिन परमार और बचाव टीम ने चार घंटे तक चली सर्जरी में अजगर को 60 से अधिक टांके लगाए.

वाइल्डलाइफ रेस्क्यू ट्रस्ट के चिंतन मेहता के अनुसार, यह भारतीय अजगर बिना जहर वाली प्रजाति का है और इसके ऊपर-नीचे मिलाकर कुल 100 दांत होते हैं. फिलहाल इस संरक्षित प्रजाति के अजगर को वन विभाग की देखरेख में रखा गया है. जरूरी इलाज के बाद उसकी तबीयत में सुधार हुआ है और उसकी स्थिति स्थिर है. यह एक 700 साल पुराना मंदिर है. मुझे नहीं पता कि यह कितने सालों से जमीन के नीचे था. हाल ही में गांव में शुरू हुई समस्याओं ने हमें भगवान की उपस्थिति का एहसास कराया है.

# 8 घंटे की भरपूर नींद के बाद भी रहता है उनींदापन?

### आलस नहीं, आपके शरीर में है इस विटामिन की कमी

क्या आपके साथ भी ऐसा होता है कि 8 घंटे की भरपूर नींद लेने के बाद भी आप सुबह जब उठते हैं, तो ऑफिस जाने का या कुछ काम करने का मन नहीं करता? बिना किसी बीमारी के भी आपको बस्तिर से उठने का मन नहीं करता, थकावट बनी रही है... अगर ये सारी परेशानियां आप झेल रहे हैं तो ये सिर्फ आपका आलस नहीं है. बल्कि ये आपके शरीर का एक तरीका है ये बताने का कि आपके शरीर में कुछ खास विटामिनों की कमी हो रही है. कभी-कभी शरीर में थकावट महसूस करना, आलस आना सामान्य हो सकता है, लेकिन अगर पूरी नींद लेने के बाद भी लगातार आपके शरीर में इसी तरह की स्थिति बनी हुई है तो ये आलस नहीं, बलकि विटामिन और मिनरल्स की कमी इसके लिए जम्मिेदार है.



सामान्य तौर पर 8 घंटे की नींद के दौरान मलिने वाले आराम से हमारा शरीर अगले दिन के लिए पूरी तरह तैयार हो जाता है. अगले दिन आप तरोताजा महसूस करते हैं. पर शरीर में लगातार हो रही विटामिन और मिनरल्स की कमी आपको ताजगी महसूस नहीं होने देती.

#### किस विटामिन की कमी से नींद ज्यादा आती है?

**1. विटामिन डी :** आज के समय में भारत में लाखों लोग वटिामनि D की कमी का शकिार हो रहे हैं. जब शरीर में विटामिन डी की कमी होती है, तो इससे नींद की समस्या पैदा हो सकती है. विटामिन डी की कमी से थकान, कमजोरी और दिनभर नींद आने की समस्या हो सकती है. साथ ही, हड्डियों में दर्द और इम्यूनिटी कमजोर होने के कारण भी आलस और उनींदापन महसूस होता है. विटामिन डी कम होने पर शरीर में कैल्शियम-फॉस्फोरस की कमी भी बढ़ जाती है. इसकी वजह से हड्डियों में दर्द होता है. इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है और दिनभर आलस महसूस होता है.

**2. विटामिन बी12:** वहीं वटिामनि B12 भी शरीर के लिए बेहद जरूरी तत्वों में से एक है. विटामिन बी12 की कमी भी ज्यादा नींद का कारण बन सकती है. बी12 की कमी से न सिर्फ नींद आती है, बल्कि मानसिक और न्यूरोलॉजिकल समस्याएं भी बढ़ सकती हैं. शाकाहारी लोगों में और उम्र बढ़ने के साथ बी12 की कमी हो सकती है, जिससे आलस्य और थकान होती है. शोध में पाया गया है कि शरीर में विटामिन बी12 की कमी से आप आलसी महसूस करते हैं. आपको दिनभर नींद आती रहती है.

**क्यों होती है शरीर में विटामिन D की कमी**

विटामिन डी मुख्य रूप से सूरज की रोशनी से बनता है, खासकर जब हमारी त्वचा UVB किरणों से संपर्क करती है. अगर कोई व्यक्ति दिन में बाहर नहीं जाता या सूर्य की रोशनी के संपर्क में कम आता है, तो शरीर में विटामिन डी की कमी हो सकती है. इसके अलावा मछली, अंडे, दूध, और फोर्टिफाइड (विटामिन डी से समृद्ध) खाद्य पदार्थों की डाइट में कमी भी इस वटिामनि की कमी का कारण बनता है. बढ़ती उम्र के साथ भी शरीर में विटामिन डी का उत्पादन कम हो जाता है. मोटापा भी शरीर में विटामिन डी की कमी का एक कारण बनता है.

#### ■ विटामिन B12 की कमी के प्रमुख कारण

शरीर में विटामिन B12 की कमी के कई कारण हो सकते हैं. विटामिन B12 को कोबालामिन भी कहा जाता है, इसके मुख्य सोर्स हैं, मांस, मछली, अंडा और डेयरी प्रोडक्ट. अगर आप शाकाहारी या वीगन डाइट फॉलो करते हैं, तो आपको विटामिन B12 की कमी होने की संभावना अधिक होती है, क्योंकि शाकाहारी आहार में यह विटामिन नहीं पाया जाता. साथ ही अगर आपका डाइजेशन सस्टिम सही से काम नहीं कर रहा, तो भी शरीर को विटामिन B12 अब्जॉर्ब करने में परेशानी होती है. उम्र बढ़ने के साथ भी शरीर में B12 अवशोषण की क्षमता कम हो सकती है. इसके अलावा, उम्र बढ़ने के साथ आंतों में सूजन और अन्य पाचन समस्याएं भी हो सकती हैं, जो B12 के अवशोषण को प्रभावित करती हैं.

# पोहा ढोकला

खाना-खजाना

**हिंदू धर्म में बसंत पंचमी के पर्व का खास महत्व माना गया है। यह खास दिन विद्या, ज्ञान और संगीत की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता है। माना जाता है कि इस दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था। मां सरस्वती को पीले रंग की चीजें बेहद प्रिय होती हैं। यही वजह है कि मां के साधन उन्हें प्रसन्न करने के लिए पूजा में पीले रंग के फूल, वस्त्र और भोग बनाकर चढ़ाते हैं। अगर आप भी इस बंसत पंचमी के दिन मां सरस्वती के भोग प्रसाद में कुछ अलग और टेस्टी बनाकर चढ़ाना चाहते हैं तो केसर पेड़ा ट्राई कर सकते हैं। केसर पेड़ा की ये रेसिपी ना सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी होती है बल्कि बनानी भी बेहद आसान है।**

#### सामग्री

- 2 कप खोया
- ½ कप पिसी हुई चीनी
- 1 चम्मच घी
- 10-12 केसर के धागे
- 2 बड़े चम्मच दूध
- ¼ चम्मच इलायची पाउडर
- कटे हुए पिस्ता और बादाम सजावट के लिए

#### बनाने का तरीका

केसर पेड़ा बनाने के लिए सबसे पहले केसर का मिश्रण तैयार कर लें। इसके लिए एक छोटी कटोरी में गर्म दूध लेकर उसमें केसर के धागे



डालकर 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें ताकि दूध में केसर का रंग और स्वाद अच्छे से मिल जाए। अब पेड़े के लिए मावा भूनें। उसके लिए एक नॉन-स्टिक पैन को धीमी आंच पर गर्म करके उसमें घी डालकर मावा हल्का सुनहरा होने तक भूनें। मावा को जलने से बचाने के लिए लगातार चलाते हुए भूनते रहें। जब मावा भूनकर हल्का भूरा हो जाए, तो उसमें पिसी हुई चीनी और केसर मिला हुआ दूध डालकर अच्छी तरह मिलाते हुए धीमी आंच पर पकने दें। अब पैन में इलायची पाउडर डालकर अच्छी तरह मिलाएं, मिश्रण गाढ़ा होने पर गैस बंद कर दें। जब पेड़े का मिश्रण हल्का ठंडा हो जाए, तो हाथों में थोड़ा घी लगाकर उसे पेड़े का आकार दें। ऊपर से कटे हुए पिस्ता और बादाम लगाकर पेड़ा हल्का दबा दें। ताकि पेड़े में मेवे चिपक जाएं। मां सरस्वती को भोग लगाने के लिए केसर पेड़े बनकर तैयार हो चुके हैं।

# परफेक्ट स्टफ पराठा बनाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**स्टफ पराठा सुबह के नाश्ते में जमकर खाया जाता है। पराठे की स्टफिंग अलग-अलग चीजों से आसानी से की जा सकती है। हालांकि, कुछ महिलाएं स्टफ पराठे घर में बनाने की जगह बाहर से ऑर्डर करती हैं, क्योंकि उनके द्वारा बनाए गए स्टफ पराठे या तो फट जाते हैं या फिर उनकी स्टफिंग एक तरफ चली जाती है। ऐसे में परफेक्ट पराठे बनाने के लिए यहां टिप्स देखें-**

#### अब नहीं फटेगा पराठा

1) सही तरीके से आटा गूंदने से बेलते वक्त आपका स्टफ्ट पराठा भी नहीं फटेगा। इसके लिए आटा गूंदते वक्त उसमें एक चम्मच बेसन और एक चम्मच घी मिला लें। इसके बाद गुनगुने पानी से आटा गूंदें। आटा मुलायम होगा और परांठा फटने का डर कम रहेगा।

2) कुछ लोग आटा गूंदने के तुरंत बाद परांठा बनाना शुरूकर देते हैं, जिसके कारण परांठा अच्छा नहीं बन पाता है। आटा को अच्छी तरह से गूंदने के बाद उसे 10 से 15 मिनट ढककर रख दें। इससे ग्लूटेन सेट हो जाएगा और परांठा काफी स्वादिष्ट बनेगा।



3) पराठे के लिए भरावन तैयार करते वक्त सब्जियों से अतिरिक्त पानी निकाल दें। उबले आलू से नमी कम करने के लिए उसे फ्रिज में रख दें। वहीं गोभी, मूली और मेथी जैसी सब्जियों को निचोड़कर पानी निकाल लें।

4) साधारण पराठों की तुलना में डबल लेयर वाला परांठा बेहद स्वादिष्ट होता है। रोटी बेलकर आधे हिस्से पर स्टफिंग रखें और फिर रोटी को बीच से मोड़ दें। फिर से आधे हिस्से पर भरावन लगाकर रोटी को दोबारा मोड़ें और तिकोना आकार दें। अब पराठे को बेलकर तवे पर सेंक लें।

5) भरावन कम होने पर पराठे में कोई खास स्वाद नहीं आता है। वहीं ज्यादा भरावन होने से पराठा बेलना मुश्किल हो जाता है और फटने लगता है। स्वादिष्ट और खूबसूरत भरावन परांठा बनाना चाहती हैं, तो ऐसे में भरावन की मात्रा का ध्यान रखें।

# न्यूट्रीशनिस्ट ने बताया हेल्दी रहने का सिंपल 3 तरीका

**अगर आपको हेल्दी रहना हो तो कौन से वो 3 काम किये जा सकते हैं। जो शरीर के जरूरी न्यूट्रिशन की पूर्ति करने के साथ ही बीमारियों को दूर रखने में मदद करेंगे। ऐसे ही किसी सवाल का जवाब इंस्टाग्राम पर न्यूट्रिशनिस्ट अंजली मुखर्जी ने दिया है। अगर आप सिंपल तरीके से रूटीन को फॉलो करते हुए हेल्दी रहना चाहते हैं तो बस रोजाना इन 3 कामों को जरूर करें। जानें कौन से हैं वो 3 काम**

#### ■ प्रोटीन खाएं

दिन के हर मील में प्रोटीन की मात्रा जरूर होनी चाहिए। ये आपकी इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करती है। साथ ही शरीर से टॉक्सिंस को भी बाहर निकालता है। हाई प्रोटीन डाइट हाई बीपी, ब्लड शुगर और हार्ट से जुड़ी बीमारियों को हील करने में मदद करता है और नाखून से लेकर बालों की हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है।

#### ■ रोजाना एक घंटे की वॉक

अगर आपको हेल्दी रहना है तो रोजाना एक घंटे की वॉक जरूर करें। ये ना केवल आपके ज्वाइंट्स को लचीला बनाकर रखेगी बल्कि डाइजेशन को भी सही रखने में मदद करेगी। इसके साथ ही मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने और वजन को कंट्रोल करके रखने में मदद करती है।

#### ■ पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं

दिनभर में इतना पानी पिएं कि शरीर पूरी तरह से हाइड्रेटेड रहे। पानी पीने से शरीर के टॉक्सिंस आसानी से निकलते हैं, कब्ज नहीं होती और साथ ही बॉडी के फंक्शन आसानी से पूरे होते हैं। साथ ही स्किन का टेक्सचर भी इंप्रूव होता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। संतान से कष्ट रहेगा।

**वृषभ :** मान बढ़ेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। अपनी बुद्धिमत्ता से आप सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। निजीजनों में असंतोष हो सकता है। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**मिथुन :** यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी।

**कर्क :** वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। विवाद न करें। यात्रा में अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। अधीनस्थों की ओर ध्यान दें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**सिंह :** काया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी।

**कन्या :** यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार में नई योजनाओं पर कार्य नहीं होंगे। जीवनसाथी का ध्यान रखें। नए अनुबंध होंगे। झंझटों में न पड़ें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। कार्य की प्रवृत्ति में यथार्थता व व्यावहारिकता का समावेश आवश्यक है।

**तुला :** वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि एवं तर्क से कार्य में सफलता के योग बनेंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है। अतः उसका परित्याग करें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक :** दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे। समय ठीक नहीं है। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। लेन-देन में सावधानी रखें। विवाद न करें। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाए रखें।

**धनु :** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है। अचानक धन की प्राप्ति के योग हैं। राजकीय काम बनेंगे। चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। संतान से मदद मिलेगी। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**मकर :** प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ौत्री होगी। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। परिवार की समस्याओं को अनदेखा न करें।

**कुंभ :** व्यवसाय ठीक चलेगा। कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। योजनाएं फलीभूत होंगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें।

**मीन :** राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। वाणी पर संयम रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी। जोखिम न लें। विवाद से बचें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### साइबर जालसाजों ने मेरठ एडीजी को बनाया निशाना

**मेरठ.** साइबर अपराधियों ने शनिवार सुबह एडीजी मेरठ जोन ध्रुव कांत ठाकुर का ऑफिशल इंस्टाग्राम अकाउंट हैक कर दिया। हैकर्स ने क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े पोस्ट डालकर ठगने की कोशिश की। इसका पता चलते ही खलबली मच गई। एडीजी मेरठ जोन की टीम हर रोज की तरह आज सुबह ऑफिशियल अकाउंट चेक कर रही थी। इसी दौरान जानकारी मिली कि अकाउंट हैक कर लिया गया है। मामला एडीजी तक पहुंच गया जिन्होंने तत्काल अपनी साइबर टीम को अकाउंट रिकवर करने के निर्देश दिए। साइबर एक्सपर्ट की टीम पता लगाने में जुड़ गई कि किसके द्वारा यह अकाउंट हैक किया गया था। करीब 25 मिनट के भीतर एक्सपर्ट ने अकाउंट रिकवर कर लिया इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। एडीजी ने बताया कि लिंक भेज कर उनका अकाउंट हैक किया गया था। छानबीन में सामने आया है कि वीपीएन यानी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए यह अकाउंट हैक किया गया था।

### पेड़ के नीचे दसवां संस्कार करना पड़ा भारी, मधुमक्खियों ने बोला हमला, एक की मौत

**उन्नाव.** यूपी के उन्नाव में इन दिनों मधुमक्खियों हमलावर हैं। कुछ दिन पहले ही मधुमक्खियों ने कई लोगों को काटकर घायल कर दिया था। इस बार कोतवाली क्षेत्र के बहुराजमऊ गांव में भी मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला बोल दिया है। सभी दसवां कार्यक्रम के दौरान पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर बाल बनवा रहे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों ने कई लोगों को काट लिया। जिससे नाई समेत परिवार के करीब सात लोग जख्मी हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बीघापुर पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क हादसे में बेहोश हो गया सिपाही, पिस्टल ले भागे चोर, होश में आने पर हुई जानकारी

**अब्दुल्लापुर.** यूपी पुलिस के सिपाही की अब्दुल्लापुर क्षेत्र में आईआईएमटी विवि के पास गुरुवार रात करीब 10 बजे सरकारी पिस्टल चोरी कर ली गई। अब्दुल्लापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। नीरज सैनी यूपी पुलिस में कांस्टेबल है और तैनाती शराब कारोबारी/बार मालिक सतीश तेवतिया की सुरक्षा में चल रही है। नीरज सैनी गंगानगर में कमरा लेकर रहे हैं। गुरुवार रात करीब 9.30 बजे नीरज सैनी ड्यूटी के बाद शास्त्रीनगर से बाइक लेकर गंगानगर आवास के लिए निकले। किला रोड पर पहुंचने के बाद वह गंगानगर वाली रोड पर बाइक लेकर चल दिए। आईआईएमटी गेट नंबर-4 के सामने एमडीए बाग के पास एक घोड़े के बच्चे से नीरज की बाइक टकरा गई और वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। इसके बाद नीरज बेहोश हो गए और उनकी सरकारी पिस्टल को कुछ संदिग्ध युवक चोरी करके ले गए। नीरज को जब होश आया तो वह आईआईएमटी के लाइफ लाइन अस्पताल पहुंचे। यहां पर पर उपचार कराने के दौरान उन्हें पिस्टल गायब होने की जानकारी लगी। इसके बाद नीरज ने तुरंत ही कंट्रोल रूम और यूपी 112 पर सूचना दर्ज कराई।

### 25 हजार के लिए मजदूर को बंधक बनाकर पिलाया जहर, मारपीट कर छोड़ा, मौत

**मैनपुरी.** मैनपुरी में सूदखोर ने उधारी के रुपये न देने पर मजदूर को घर ले जाकर बंधक बनाया और उसके साथ जमकर मारपीट की। आरोप है कि उसे पेशाब पिलाई गई और जहरीले पदार्थ का सेवन करवाया गया। हालत बिगड़ने पर उसे छोड़ दिया गया। युवक घर पहुंचा तो उसकी हालत और बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां से उसे सैफई रेफर कर दिया गया। सैफई में उसकी मौत हो गई। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। मोहल्ला घरनाजपुर निवासी चमन खां ने कुरावली पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की कि उसका 22 वर्षीय पुत्र जाहिद मंडी में पल्लेदारी करता है।

# नौकरीपेशा को 12.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री

### निचले सभी स्लैब का टैक्स सरकार माफ करेगी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया. वित्तमंत्री ने बजट भाषण की शुरुआत तेलुगु कवि और नाटककार गुराजादा अप्पा राव के प्रसिद्ध कथन 'कोई देश केवल उसकी मिट्टी से नहीं है, बल्कि देश उसके लोगों से है.' यह मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्णकालिक बजट था.सरकार ने इस बजट में कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को विकास के चार इंजन बताए हैं. वित्तमंत्री ने इस बजट में वेतनभोगी करदाताओं के लिए बड़ा ऐलान किया. उन्होंने घोषणा की कि नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा.बजट में वित्तमंत्री ने किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की घोषणा की. इससे देश के 100 जिलों के 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा. इसके साथ सरकार ने बिहार में मखाना पैदा करने वाले किसानों के लिए मखाना विकास बोर्ड के गठन का ऐलान किया है. वहीं कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को राहत देते हुए 36 दवाओं पर से टैक्स हटाने की घोषणा की.

### इनकम टैक्स के लिए वित्तमंत्री के बड़े ऐलान

मुक्त करने की घोषणा की. लोगों को यह छूट नई आयकर व्यवस्था में मिलेगी.मानक कटौती 75 हजार रुपये के साथ नौकरीपेशा लोगों को अब 12.75 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कोई कर नहीं देना होगा.वित्त मंत्री ने कहा कि कर छूट से मध्यम वर्ग के लोगों के पास खपत के लिए अधिक पैसे बचेंगे. इससे निवेश और बचत में भी इजाफा होगा. प्रत्यक्ष कर में दी गई इस छूट से सरकारी खजाने पर एक लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा.

निर्मला सीतारमण के बजट में इनकम टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत मिली है। अब नौकरीपेशा लोगों को नई टैक्स रिजीम चुनने पर सालाना ₹12.75 लाख तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। यह फायदा ऐसे मिलेगा...

₹0 से ₹4 लाख - शून्य
₹4 से ₹8 लाख - 5%
₹8 से ₹12 लाख - 10%

दूसरे और तीसरे स्लैब के टैक्स सरकार 87A के तहत माफ कर देगी। इसके अलावा ₹75 हजार का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी मिलेगा। इस तरह नौकरीपेशा लोगों की कुल ₹12.75 लाख की इनकम टैक्स फ्री हो जाएगी।

ध्यान रहे कि यह राहत केवल नौकरीपेशा लोगों के लिए है। अन्य किसी भी जरिए से आमदनी होने पर टैक्स में छूट की सीमा केवल ₹12 लाख ही रहेगी। साथ ही अब सभी टैक्सपेयर्स पिछले 4 साल का IT रिटर्न एकसाथ फाइल कर सकेंगे। इससे पहले तक यह लिमिट 2 साल थी। वहीं सीनियर सिटीजंस के लिए TDS की सीमा ₹50 हजार से बढ़ाकर ₹1 लाख कर दी गई है।



### न्यू टैक्स रिजीम में 7 टैक्स स्लैब

| क्र. स. | स्लैब | टैक्स |
|---|---|---|
| 1 | ₹0 लाख से ₹4 लाख तक | 0% |
| 2 | ₹4 लाख से ₹8 लाख तक | 5% |
| 3 | ₹8 लाख से ₹12 लाख तक | 10% |
| 4 | ₹12 लाख से ₹16 लाख तक | 15% |
| 5 | ₹16 लाख से ₹20 लाख तक | 20% |
| 6 | ₹20 लाख से ₹24 लाख तक | 25% |
| 7 | ₹24 लाख से ज्यादा | 30% |

### 36 जीवन रक्षक दवाएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान और मोबाइल सस्ते होंगे

सरकार ने बजट में कैंसर की दवाएं सस्ती करने का ऐलान किया। अगले 3 साल में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे। अगले फाइनेंशियल इयर में ही ऐसे 200 सेंटर बनाए जाएंगे। सरकार का फोकस बिहार पर भी दिखा, जहां इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीतारमण ने बिहार के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना करने का ऐलान किया। राज्य में IIT का विस्तार होगा। मखाना बोर्ड और 3 नए एयरपोर्ट भी बनाए जाएंगे।

## वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में किसे क्या दिया...

### मध्यम वर्ग के लिए 13 ऐलान

- अब 12 लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार स्टैंडर्ड डिक्शन के साथ टैक्स लिमिट 12.75 लाख।
- बुजुर्गों के लिए टैक्स छूट डबल की गई।
- TDS की सीमा 10 लाख रुपए की गई।
- 4 साल तक अपडेटेड ITR भर सकेंगे।
- किराया आमदनी पर TDS छूट 6 लाख रुपए की गई।
- मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होंगी।
- EV और मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी।
- LED-LCD टीवी सस्ती होंगी। कस्टम ड्यूटी घटाकर 2.5% की गई।
- देश में अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाया जाएगा।
- 1 लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड बनेगा।
- शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना आएगी।
- एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे, 2025 में 40 हजार नए मकान हैंडओवर किए जाएंगे।
- हर घर नल से जल पहुंचाने जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा।

### महिलाओं के लिए 2 ऐलान

- SC -ST की MSME महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना।
- पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलेगा।

### बुजुर्गों के लिए 6 ऐलान

- सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट दोगुनी, 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए।
- 36 जीवन रक्षक दवाएं पूरी तरह से टैक्स फ्री।
- देश में 200 डे-केयर कैंसर सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाएं सस्ती होंगीं।
- 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5% घटाई।
- 13 मरीज सहायता कार्यक्रम बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर।

### किसानों के लिए 11 ऐलान

- किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हुई।
- देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी।100 जिलों को फायदा होगा।
- डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन।
- समुद्री उत्पाद सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी 30% से घटाकर 5% की गई।
- अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा मिलेगा।
- बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन होगा।

मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना शुरू होगी। 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को फायदा।

दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन।

- पोस्ट पेमेंट बैंक पेमेंट सर्विस ग्रामीण योजनाओं में बढ़ाई जाएगी।
- कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन-मार्केटिंग पर फोकस।
- असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

### युवाओं के लिए 11 ऐलान

- स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का फंड बनेगा।
- 500 करोड़ रुपए से 3 Ai (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- देश में 23 IIT में 6500 सीटें बढ़ाई जाएंगी।
- मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत 10 हजार नई फेलोशिप दी जाएगी।
- देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा, 1 करोड़ मैनुस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेश होगा।
- पटना IIT में होस्टल सुविधाएं बढ़ाई जाएगी।
- मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड को बढ़ावा देंगे।
- स्किल बढ़ाने के लिए 5 राष्ट्रीय स्तर के सेंटर बनाए जाएंगे।
- सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी।

### व्यापारियों के लिए 10 ऐलान

- MSME के लिए लोन गारंटी लिमिट 5 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ होगी।
- सोशल वेलफेयर सरचार्ज हटाने का प्रस्ताव।
- 7 टैरिफ रेट हटेंगे। अब देश में 8 टैरिफ रेट ही रह जाएंगे।
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर टियर-2 शहरों में बनाए जाएंगे।
- देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाने राष्ट्रीय योजना बनेगी।
- नई लेदर स्कीम से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।
- बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी बनेगा।
- सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी होंगे।
- पहले वर्ष 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।
- शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम की लोन लिमिट बढ़कर 30 हजार रुपए होगी।

# खजाना भरने वाला नहीं, लोगों की जेब भरने वाला बजट; PM मोदी ने की तारीफ

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय बजट 2025 का स्वागत करते हुए इसकी जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहाकि यह आम आदमी का बजट है और इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी ने आगे कहाकि यह बजट देश को विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेगा। उन्होंने कहाकि बजट में अक्सर खजाना भरने पर ध्यान दिया जाता है, इस बजट का लक्ष्य लोगों की जेब भरना और बचत बढ़ाना है। प्रधानमंत्री ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी टीम की भी खूब तारीफ की। उन्होंने कहाकि यह बजट हर भारतीय के सपनों को पूरा



करता है और 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को प्रदर्शित करता है। पीएम मोदी ने कहाकि हमने सेक्टर्स युवाओं के लिए खोल दिए हैं...ये बजट एक फोर्स मल्टीप्लायर है। प्रधानमंत्री ने कहाकि इस बजट में रिफॉर्म की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। न्यूक्लियर एनर्जी में प्राइवेट सेक्टर को बढ़ावा देने का निर्णय बहुत ही ऐतिहासिक है...बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को हर प्रकार से प्राथमिकता दी गई है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण के बाद पीएम मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने कहाकि बजट में किसानों के लिए घोषणाएं कृषि क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांति लाएंगी। कर राहत से मध्यम वर्ग और वेतनभोगी कर्मचारियों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने विनिर्माण क्षेत्र के लिए बजट में किये गए उपायों पर कहा कि इसका मकसद भारतीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर चमकने देना है।

# रक्षा बजट के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित

### सेना होगी और मजबूत; आत्मनिर्भरता पर जोर

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने शनिवार को 2025-26 के रक्षा बजट के लिए 6,81,210 करोड़ रुपये आवंटित किए। पिछले साल के 6,21,940 करोड़ रुपये से यह कुछ अधिक है। कुल पूंजी परिव्यय 1,92,387 करोड़ रुपये आंका गया है। राजस्व व्यय 4,88,822 करोड़ रुपये रखा गया है, जिसमें पेंशन के लिए 1,60,795 करोड़ रुपये शामिल हैं। पूंजीगत व्यय के तहत विमान और वैमानिकी इंजनों के लिए 48,614 करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं। नौसेना बेड़े के लिए 24,390 करोड़ रुपये आवंटित




किए गए हैं। दूसरे उपकरणों के लिए 63,099 करोड़ रुपये की राशि अलग रखी गई है।

सरकार ने 2024-25 में रक्षा बजट के लिए 6,21,940 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। पूंजी परिव्यय 1,72,000 करोड़ रुपये आंका गया था। सरकार ने मौजूदा बजट के जरिए आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को हासिल करने पर जोर दिया। इसके लिए घरेलू आपूर्तिकर्ताओं से हथियार, सिस्टम और उपकरण खरीदने के लिए खर्च का एक हिस्सा आवंटित किया गया। मालूम हो कि रक्षा बजट 2024-25 के लिए देश के अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 1.9% है। वैसे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज अपने बजट भाषण में रक्षा आवंटन का जिक्र नहीं किया।

### कुछ इस तरह हासिल होगा राजस्व

केंद्रीय बजट 2025-26 के दस्तावेजों के मुताबिक, सरकारी खजाने में प्रत्येक एक रुपये में सबसे अधिक 66 पैसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों से आएंगे। शनिवार को संसद में पेश बजट के दस्तावेजों में कहा गया कि करीब 24 पैसे उधारी और अन्य देनदारियों से आएंगे, 9 पैसे विनिवेश जैसे गैर-कर राजस्व से और एक पैसा गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियों से आएगा। इसके मुताबिक, कॉरपोरेट व व्यक्तिगत आयकर सहित प्रत्यक्ष करों से करीब 39 पैसे का योगदान होगा। आयकर से 22 पैसे और कॉरपोरेट कर से 17 पैसे का योगदान होगा। अप्रत्यक्ष करों में माल एवं सेवा कर (GST) प्रत्येक एक रुपये के राजस्व में अधिकतम 18 पैसे का योगदान देगा। सरकार प्रत्येक रुपये में से पांच पैसे उत्पाद शुल्क से और चार पैसे सीमा शुल्क से कमाने की उम्मीद कर रही है।

# हर्षित बोले- यह मेरे लिए ड्रीम डेब्यू



### मुझे बाद में पता चला कि बॉलिंग भी करनी है

भारत ने चौथे टी-20 में इंग्लैंड को 15 रन से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। हार्दिक-दुबे की 87 रन की साझेदारी से भारत ने 181/9 का स्कोर बनाया। बतौर कनक्शन सब्स्टीट्यूट टी-20 डेब्यू कर रहे हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई।

मैच के बाद हर्षित ने कहा, यह मेरे लिए एक ड्रीम डेब्यू है। वहीं भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बोले, हर्षित ने मैच पलट दिया। इंग्लिश कप्तान जोस बटलर ने कहा, कन्कशन का फैसला सही नहीं था।

### KKR से बॉलिंग करने का फायदा भी मिला- हर्षित

हर्षित ने मैच के बाद कहा, यह अब भी मेरे लिए एक ड्रीम डेब्यू है। ज्यादा सोचा नहीं, बस जाकर बॉलिंग की शिवम (दुबे) भाई जब फील्डिंग करने नहीं उतरे तो मुझे 2 ओवर बाद पता चला कि फील्ड पर जाना है। गौतम सर ने बाद में बताया कि मुझे बॉलिंग भी करनी होगी। मैंने ज्यादा सोचा नहीं कि क्या है, क्या करना है। मुझे जैसे ही मौका मिला, मैंने जाकर बॉलिंग की। KKR से डेथ ओवर्स में बॉलिंग करने का फायदा भी मिला।

### बटलर ने कहा- सब्स्टीट्यूशन का फैसला गलत

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में जोस बटलर ने कहा, 'हर्षित और दुबे का कन्कशन लाइक फॉर लाइक रिप्लेसमेंट नहीं था, हम इससे सहमत नहीं हैं। या तो शिवम दुबे ने अपनी बॉलिंग स्पीड 30 किमी तक बढ़ा ली है, या फिर हर्षित ने अपनी बैटिंग को सुधार लिया है। हमें मैच जीतना चाहिए था, लेकिन यह गेम का हिस्सा है। फिर भी हम इस फैसले से सहमत नहीं हैं। कन्कशन के बारे में हमसे नहीं पूछा गया। मैं जब बैटिंग पर आया और हर्षित को देखा तो मैंने अंपायर से पूछा कि वे किसकी जगह आए हैं। उन्होंने कहा कि वे कन्कशन रिप्लेसमेंट बनकर आए हैं।

# मंदिरों में VIP दर्शन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मंदिरों में शुल्क लेकर वीआईपी दर्शन और कुछ खास वर्ग के लोगों को तरजीह देने की प्रथा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस बारे में समाज और मंदिर प्रशासन को निर्णय लेना है, अदालत इसमें कुछ नहीं कर सकती। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई की। पीठ कहा कि हालांकि हमारी राय हो सकती है कि मंदिरों में वीआईपी दर्शन नहीं होने चाहिए। दर्शन के लिए किसी को विशेष सुविधाएं नहीं मिलनी चाहिए, लेकिन हमें नहीं लगता कि इस मामले में संविधान के अनुच्छेद-32 के तहत अदालत को अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करना चाहिए। पीठ ने मंदिरों में वीआईपी दर्शन, खास वर्ग को तरजीह और विशेष सुविधाएं देने की



प्रथा पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। हालांकि पीठ ने साफ किया कि इस याचिका को खारिज करने से किसी भी सक्षम प्राधिकारों को उनकी आवश्यकता के अनुसार मामले में कार्रवाई करने से नहीं रोका जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका वृंदावन में श्रीराधा मदन मोहन मंदिर के सेवायत विजय किशोर गोस्वामी ने दाखिल की है।

**महाराष्ट्र शासन**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**
**संक्षिप्त ई-निविदा सुचना क्र. 75 सन 2024-25**

| अ.क्र. | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम |
|---|---|---|
| 1. | भिवंडी तालुक्यातील नांदिठणे सुतारपाडा रस्त्यावर साकव बांधणे जि. ठाणे. | 16,95,095,00 |
| 2. | भिवंडी तालुक्यातील किरकिर पाडा रस्ता तयार करणे, जि.ठाणे. ग्रा.मा.160 | 20,62,901.00 |
| 3. | भिवंडी ग्रा. 134 भिवंडी तालुक्यातील महाळुंगे गोठणगाडा येथे रस्ता तयार करणे, जि.ठाणे. | 20,56,454.00 |
| 4. | भिवंडी तालुक्यातील खडकी बु. रस्ता तयार करणे, जि. ठाणे. ग्रा.मा.140 | 20,69,377.00 |
| 5. | कल्याण तालुक्यातील जांभुळ नाल्यावर साकव बांधणे जि. ठाणे. | 21,13,376.00 |
| 6. | भिवंडी ग्रा. 134 भिवंडी तालुक्यातील खडकी बु. ग्रामा 140 रस्ता तयार करणे, जि.ठाणे. | 32,10,669.00 |
| 7. | भिवंडी ग्रा. 134 भिवंडी तालुक्यातील वेढे खातिवली रस्ता तयार करणे, जि. ठाणे. ग्रामा-21 | 40,37,250.00 |
| 8. | भिवंडी ग्रा. 134 भिवंडी तालुक्यातील प्रजिमा 47 ते माडोशी रस्ता तयार करणे, जि. ठाणे. ग्रामा-32 | 41,84,657.00 |

1. डाऊन लोड करण्याचा कालावधी : दिनांक 3-2-2025 ते दिनांक 17-2-2015
2. ई-निविदा उघडणे (शक्य असल्यास) : दिनांक 18-2-2025 कार्यकारी अभियंता, सा. बां. विभाग क्र. 1 ठाणे यांचे कार्यालयात दु. 15.00 उघडण्यात येईल

सर्व पात्र/ ईच्छुक निविदाकारांनी निविदा पत्रक डाऊनलोड करण्यासाठी व निविदा प्रक्रियेत भाग घेण्यासाठी ई-निविदा प्रणालिच्या https//mahatenders.gov.in या पोर्टलवर portal वर enrolled करणे आवश्यक आहे.

जा.क्र. ठावि/निविदा/ 928
कार्यकरी अभियंता यांचेकार्यालय,
सा.वा. विभाग, क्र.1 ठाणे
दिनांक 28/01/2025

सही/-
**कार्यकारी अभियंता**
सा. बां. विभाग, क्र. 1 ठाणे

**आम सूचना**

मैं श्री अनिल दशरथ राउराले सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, सम्राट अशोक नगर, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 39सीओ019695900) उक्त प्रॉपर्टी जय नारायण अरविंद लक्ष्मण रॉय के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 24.1.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अनिल दशरथ राउराले**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती उषा विजय श्रीवास्तव सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, ब्लॉक नं. ए-477 के पीछे, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ008933800) उक्त प्रॉपर्टी श्री विनोद गजानन कुलकर्णी व श्रीमती नलिनी जी. कुलकर्णी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 20.8.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती उषा विजय श्रीवास्तव**

**आम सूचना**

मैं श्री शेखर मनोरंजन चक्रवर्ती सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन रुम नं. 26, बैरक नं. 1084, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 38बीओ020638400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सोमा शेखर चक्रवर्ती के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 30.1.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री शेखर मनोरंजन चक्रवर्ती**

**संक्षेप...**

## 4 फरवरी को पेश होगा मुंबई मनपा का बजट

**मुंबई.** बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी चार फरवरी को बीएमसी का बजट पेश करेंगे। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली बीएमसी के बजट से मुंबईकरों को काफी उम्मीद है। चुनावी साल को देखते हुए मुंबईकरों पर किसी नए टैक्स की आशंका कम है। गगरानी पर बजट के जरिए मुंबईकरों को खुश करने का दबाव रहेगा, क्योंकि 2025 में ही बीएमसी चुनाव भी हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि इस बार के बजट पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का असर देखने को मिल सकता है। 2024-25 के लिए बीएमसी ने 59954.75 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था।

# फडणवीस-शिंदे की गिरफ्तारी की साजिश!

- जांच के लिए SIT गठित
- दावा- CM रहते उद्धव दोनों नेताओं को फर्जी केस में फंसाने वाले थे



**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे से जुड़े एक झूठे केस की जांच के लिए विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया है। मामला उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली महा विकास अघाड़ी सरकार के कार्यकाल का है।

MVA सरकार ने 2022 में विपक्ष के तत्कालीन नेता देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे को झूठे मामले में फंसाकर गिरफ्तार करने की साजिश रची थी। हालांकि, उस वक्त शिंदे MVA सरकार का ही हिस्सा थे।

इसका खुलासा पूर्व DGP संजय पांडे और तत्कालीन DCP लक्ष्मीकांत पाटिल के बीच एक ऑडियो क्लिप के वायरल होने के बाद हुआ था।

फडणवीस के भरोसेमंद सहयोगी प्रवीण दारेकर ने दिसंबर 2024 में नागपुर में राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान यह मुद्दा उठाया था। दारेकर ने उस समय खुलासा किया था कि कथित तौर पर साजिश से जुड़े ऑडियो क्लिप प्रमुख टीवी चैनलों पर चलाए गए थे।

अब SIT जांच का आदेश दिया गया इसी संबंध में 28 जनवरी को कैबिनेट मंत्री शंभुराजे देसाई ने विधानसभा में घोषणा की कि इस जांच की जिम्मेदारी मुंबई पुलिस के जॉइंट कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) सत्यनारायण चौधरी को सौंपी गई है।

चार सदस्यीय इस टीम में राज्य रिजर्व पुलिस बल के उप महानिरीक्षक राजीव जैन, मुंबई पुलिस उपायुक्त नवनाथ धवले और सहायक आयुक्त अदिकराव पोल भी शामिल हैं। इस SIT को 30 दिनों में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

### विपक्ष बोला- तीन साल बाद इस मुद्दे को उठाने की जरूरत क्यों पड़ी

- विपक्ष ने इन दावों का मजाक उड़ाया है और सवाल किया है कि महायुति सरकार तीन साल से अधिक समय से सत्ता में है। महायुति को तीन साल बाद इस मुद्दे को उठाने की जरूरत क्यों महसूस हुई।
- दरअसल, नवंबर 2019 से जून 2022 तक महा विकास अघाड़ी (MVA) सरकार के शासन के दौरान, मौजूदा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष थे, जबकि एकनाथ शिंदे शहरी विकास मंत्री के रूप में राज्य मंत्रिमंडल का हिस्सा थे।
- जून 2022 में शिंदे ने उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी और MVA सरकार को गिराकर मुख्यमंत्री बने। इसके बाद फडणवीस को शिंदे के डिप्टी के रूप में नियुक्त किया गया।

# विधायक जितेंद्र आव्हाड ने जिलाधिकारी को दिया अंडा



**उल्हास विकास संवाददाता**

**ठाणे.** राज्य सरकार की ओर से विद्यार्थियों को दोपहर में भोजन दिया जाता है जिसमें पोषक तत्व के रूप में अंडा भी शामिल हैं लेकिन कुछ दिनों से आहार से अंडा गायब हो गया है। इस पोषक तत्व के लिए सालाना 50 करोड़ रुपये खर्च करना बेकार साबित हो गया है। इसलिए राकांपा शरद पवार पक्ष के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्य सरकार को अंडा भेजने के लिए अनोखा विरोध किया। देशभर के सरकारी व अर्धसरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए दोपहर का भोजन योजना कार्यक्रम है।इस योजना के तहत विद्यार्थियों को मुफ्त में भोजन दिया जाता है।इसका मुख्य उद्देश्य है कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य स्थिति में सुधार होगा।

# पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में भवन निर्माण की अनुमति अब राज्य सरकार से मिलेगी

- सांसद नरेश म्हस्के, शिवसेना जिला प्रमुख किशोर पाटकर का प्रयास हुआ सफल



**ठाणे.** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय ने भवन निर्माण टाउनशिप, शहरी और क्षेत्रीय विकास परियोजनाओं के लिए एक अधिसूचना जारी की है। मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, मीरा भयंदर और राज्य के कई शहरों में अभयारण्यों, राष्ट्रीय उद्यानों और एमआईडीसी के 5 किलोमीटर के दायरे में 20,000 वर्ग मीटर से 1,50,000 वर्ग मीटर के निर्मित विकास क्षेत्र वाली परियोजनाएं (पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों) के लिए अब राज्य सरकार की पर्यावरण नियंत्रण समिति से भवन निर्माण की अनुमति प्राप्त करना सुविधाजनक होगा।यह अधिसूचना सांसद नरेश म्हस्के द्वारा केंद्रीय स्तर पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई के कारण सामने आई है।

अगस्त 2024 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के एक फैसले में कहा गया था कि अभयारण्यों, राष्ट्रीय उद्यानों और एमआईडीसी के 5 किमी के दायरे में 20,000 वर्ग मीटर से 1,50,000 वर्ग मीटर के निर्मित क्षेत्र वाली निर्माण परियोजनाओं को मंजूरी लेनी होगी।केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय। लेकिन इस फैसले को लेकर अस्पष्टता के कारण राज्य में कई निर्माण और विकास परियोजनाएं पिछले 6 महीने से रुकी हुई थीं।यह मामला सांसद नरेश म्हस्के, शिवसेना नवी मुंबई जिला प्रमुख किशोर पाटकर ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डॉ.श्रीकांत शिंदे से बातचीत में उन्होंने कोई रास्ता निकालने का अनुरोध किया।सांसद नरेश म्हस्के के प्रयास के बाद केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव रजत अग्रवाल ने 29 जनवरी, 2025 को इस संबंध में एक गजट अधिसूचना जारी की है। अब 20,000 वर्ग मीटर से 1,50,000 वर्ग मीटर के निर्मित विकास क्षेत्र वाली निर्माण परियोजनाओं को राज्य सरकार की पर्यावरण नियंत्रण समिति से मंजूरी लेनी होगी।इस फैसले के कारण मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, मीरा भयंदर और राज्य के कई अन्य शहरों में निर्माण विकास और नागरिक परियोजनाएं प्रभावित होंगी।सांसद म्हस्के ने बताया कि इस फैसले से न केवल डेवलपर्स को राहत मिली है और फ्लैट खरीदारों और पुनर्विकास परियोजनाओं के निवासियों को भी फायदा होगा।मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव,सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे,सांसद नरेश म्हस्के का किशोर पाटकर ने इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

## IPS अधिकारी का पति 263 करोड़ के आयकर रिफंड घोटाले मामले में गिरफ्तार

**मुंबई.** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने महाराष्ट्र कैडर के आईपीएस अधिकारी के पति पुरुषोत्तम चव्हाण के खिलाफ मामला दर्ज किया है. चव्हाण डीसीपी रश्मि करंदीकर के पति हैं और उन्हें पहले भी आयकर रिफंड धोखाधड़ी में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था. पुरुषोत्तम चव्हाण को इससे पहले मई 2024 में ईडी ने 263 करोड़ रुपये के आयकर रिफंड घोटाले मामले में गिरफ्तार किया था. पिछले साल जुलाई में ईडी ने 263 करोड़ रुपये के इनकम टैक्स रिटर्न धोखाधड़ी मामले के आरोपी पुरुषोत्तम चव्हाण के मालाबार हिल्स इलाके में स्थित आलीशान फ्लैट को जब्त कर लिया था. इससे पहले उन्हें इसी साल मई में ईडी ने गिरफ्तार भी किया था.

# भिवंडी में उबाठा ताकत बढ़ाने में जुटी

- तेजतर्रार नेता कुंदन पाटील को बनाया जिला प्रमुख

**उल्हास विकास संवाददाता**



**भिवंडी.** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आदेशानुसार भिवंडी-शहापुर जिला प्रमुख पद पर तेजतर्रार नेता कुंदन पाटील की नियुक्ति की गई है. भिवंडी तालुका प्रमुख के रूप में करसन ठाकरे को जिम्मेदारी सौंपी गई. कुंदन पाटील पहले भिवंडी तालुका प्रमुख के पद पर कार्यरत थे.उनके बेहतरीन कार्यों को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जिला प्रमुख की नई जिम्मेदारी दी है.शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले करसन ठाकरे को तालुका प्रमुख पद का दायित्व सौंपा गया है. उनकी पत्नी, दर्शना करसन ठाकरे, जिला परिषद की पूर्व सभापति रह चुकी हैं. युवा सेना में पिछले 5 वर्षों से प्रभावी भूमिका निभाने वाले राजू भाऊ चौधरी को भिवंडी-शहापुर विधानसभा जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है. भारतीय विद्यार्थी सेना से जुड़े रहे प्रवीण पाटील को सह-समन्वयक का पद दिया गया है. मनोज प्रसाद पाटील को पुनः भिवंडी शहर प्रमुख बनाया गया है.तेजतर्रार शिवसैनिक अरुण पाटील को महानगर प्रमुख और हनुमान पाटील को लोकसभा समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है.नई नियुक्तियों के बाद सभी पदाधिकारियों ने पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया. इस दौरान सांसद संजय राउत, राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा, वरिष्ठ नेता कृष्णकांत कोंडलेकर, उपनेता विश्वास थले, जिला सचिव जय भगत, महेंद्र कुंभारे समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

# गैंगस्टर को 29 साल के बाद गिरफ्तार करने में पुलिस सफल



**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील गैंग से जुड़े 63 वर्षीय गैंगस्टर प्रकाश रतिलाल हिंगू को 1996 के आर्थर रोड जेल दंगा मामले में 29 साल बाद गिरफ्तार किया है। मुंबई के NM जोशी पुलिस के अधिकारियों ने एक गुप्त रूप से मिली सूचना के बाद गैंगस्टर को कर्नाटक के हुबली से गिरफ्तार किया। दाऊद इब्राहिम गिरोह का कुख्यात सदस्य प्रकाश हिंगू करीब तीन दशकों से फर्जी पहचान के तहत कर्नाटक में रह रहा था। वह मूल रूप से जुहू लेन, अंधेरी वेस्ट, मुंबई का रहने वाला हिंगू कभी अंडरवर्ल्ड में एक सक्रिय गैंगस्टर था।

**कोर्ट ने घोषित किया था भगोड़ा**

लंबे समय से कोर्ट में चल रही सुनवाई में प्रकाश हिंगू पेश नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने उसे फरार घोषित कर दिया। इसके बाद मुंबई के एन एम जोशी मार्ग पुलिस की टीम में गुप्त रूप से मिली सूचना के आधार पर टीम बनाई और कर्नाटक जाकर हुबली से गिरफ्तार कर लिया।

साल 1996 में, मुंबई के आर्थर रोड जेल के अंदर दाऊद इब्राहिम के गिरोह और छोटा राजन के गैंग के सदस्यों के बीच हिंसक झड़प हुई, जो उस समय न्यायिक हिरासत में थे। दोनों गैंग के लोगों ने एक-दूसरे को खत्म करने का प्रयास किया था। इसलिए एन.एम. जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 143, 147, 148, 149, 324 और 307 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## क्रिकेट से उपजे विवाद के कारण युवक पर जानलेवा हमला

**भिवंडी.** क्रिकेट से उपजे विवाद का बदला लेने के लिए 3 युवकों ने मिलकर 32 वर्षीय युवक को सड़क पर बुरी तरह पीटा. पिटाई में पीड़ित घायल हो गया और उसकी बाइक को भी नुकसान पहुंचा.पुलिस सूत्रों के अनुसार, रोशन बाग निवासी नुरमोहमद गुलाम मोहमद खान रात करीब 11:30 बजे अपनी बुलेट बाइक से बाबुचुन्नी बिल्डिंग के पास से गुजर रहे थे. क्षेत्रीय निवासी साहिल लैस मोहमद खान, मेहताब मोमिन खान और एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें जबरदस्ती रोक लिया,.तीनों ने पुरानी दुश्मनी को लेकर पहले गालीगलौज की और फिर अचानक हमला बोल दिया. साहिल खान ने हाथ में पकड़े लकड़ी के डंडे से नुरमोहमद खान की पीठ पर जोरदार वार किया, जिससे वह बाइक से नीचे गिर गए. तीनों ने मिलकर लात-घूंसों से उनकी पिटाई कर दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए.बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. घटना के बाद नुरमोहमद खान ने भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई.पुलिस ने साहिल खान, मेहताब खान और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है.घटना के बाद आरोपी पुलिस के डर से फरार हो गए हैं.

# 'गुइलेन बैरी सिंड्रोम को लेकर न हों भयभीत'

**उल्हास विकास संवाददाता**



**भिवंडी.** पुणे में गुइलेन बैरी सिंड्रोम (GBS) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं.पुणे में 100 से अधिक लोग बीमारी से प्रभावित पाए गए हैं. उक्त बीमारी को गंभीरता से लेते हुए मनपा प्रशासन ने नागरिकों से भयभीत नहीं होने और बीमारी की दशा में फौरन सरकारी अस्पताल या मनपा स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार कराने की अपील की है. मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य और मनपा स्वास्थ्य विभाग ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि यह बीमारी मज्जातंत्रिका (नर्व्स) पर प्रभाव डालती है और आमतौर पर सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर सकती है. बीमारी से बचाव हेतु पीने के पानी की शुद्धता का विशेष ध्यान रखें ताकि संक्रमण से बचा जा सके. अफवाहों पर विश्वास न करें. अगर किसी को GBS से जुड़े लक्षण महसूस हों, तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें.मनपा स्वास्थ्य विभाग ने आश्वासन दिया है कि आवश्यक सभी सावधानियां बरती जा रही हैं.लक्षण महसूस होने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लेना जरूरी है.

### आम सूचना

हम श्री यशवंत रानू जाधव व श्रीमती हीना यशवंत जाधव सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, सीताराम नगर, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ009199600) उक्त प्रॉपर्टी श्री सतीश रघुनाथ क्षीरसागर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.5.2023 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री यशवंत रानू जाधव व श्रीमती हीना यशवंत जाधव**

### आम सूचना

मैं श्री करन हीरा वासवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 1, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक नं. बी-46 के पीछे, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 52डीओ021652300) उक्त प्रॉपर्टी श्री निखिल मूलचंद बंगा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 4.7.2022 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री करन हीरा वासवाणी**

### आम सूचना

मैं श्री रुपराज तिलसिंह सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, राम नगर, राहुल सा मिल के पास, लाल चक्की, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ009141900) उक्त प्रॉपर्टी श्री कानूपतरा रमेश हिरोले अल्यास कान्होपात्रा रमेश हरवाले के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 30.1.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रुपराज तिलसिंह**

### आम सूचना

हम श्री दीपक खूबचंद बिजलाणी व श्री गुरचिंत दीपक बिजलाणी सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 203, 2रा माला, बी विंग, पुष्पक अपार्टमेंट, बैरक नं. 761 के पास, न्यू टेलीफोन एक्सचेंज रोड, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 11बीआय004338400) उक्त प्रॉपर्टी श्री दामोमल ए. सिधवाणी व श्रीमती सिमरण डी. सिधवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 27.5.2019 सी.नं. 769 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री दीपक खूबचंद बिजलाणी व श्री गुरचिंत दीपक बिजलाणी**

# SST महाविद्यालय में इंटर कालेज 'पुस्तक समीक्षा' प्रतियोगिता

- वाचन संस्कृति को मिला नया आयाम



**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र शासन और मुंबई विश्वविद्यालय की 'वाचन संकल्प महाराष्ट्राचा' पहल के अंतर्गत एसएसटी महाविद्यालय ने वाचन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया है। पुस्तक पठन, पुस्तक प्रदर्शनी और वाचन कार्यशाला के बाद अब महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ (IQAC) और लायब्ररी विभाग के तत्वावधान में अंतरमहाविद्यालयीन 'पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता' का सफल आयोजन किया गया।

छात्रों में वाचन रुचि और सृजनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में मुंबई विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न महाविद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने पढ़ी गई पुस्तकों की समीक्षा प्रस्तुत की और परीक्षकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र, पुस्तक और पेन देकर सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, IQAC समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन मे उपप्राचार्य डॉ. दीपक गवादे के नेतृत्व में किया गया। लायब्ररीयन वंदना चंदनशिव, पुस्तकालय कर्मचारी राकेश कुंभारे, राकेश मोहिते और निशांत मेश्राम ने आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. पद्मा देशपांडे और डॉ. वर्षा सावलानी ने कुशलतापूर्वक किया। इस पहल के माध्यम से महाविद्यालय ने छात्रों में वाचन संस्कृति को प्रोत्साहित करने का सराहनीय प्रयास किया है।

# सैफ के बेटे इब्राहिम की डेब्यू फिल्म का पोस्टर रिलीज

- खुशी कपूर के साथ दिखेंगे
- करण जौहर हैं प्रोड्यूसर



सैफ अली खान के बड़े बेटे इब्राहिम जल्द ही एक्टिंग डेब्यू करने वाले हैं। हाल ही में उनकी पहली फिल्म नादानियां का पोस्टर रिलीज हुआ। इस फिल्म में वे खुशी कपूर के साथ दिखाई देंगे। वहीं फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर हैं। यह फिल्म थिएटर में नहीं बल्कि नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी। हालांकि मेकर्स ने अभी रिलीज डेट अनाउंस नहीं की है।

नादानियां के जरिए शाउना गौतम भी डायरेक्शन में डेब्यू कर रही हैं। शाउना फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में करण जौहर की असिस्टेंट डायरेक्टर थीं।

फिल्म नादानियां में इब्राहिम और खुशी के अलावा महिमा चौधरी, सुनील शेट्टी, दीया मिर्जा और जुगल हंसराज जैसे कलाकार भी दिखाई देंगे। फिल्म का प्रोडक्शन करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने धर्मा प्रोडक्शंस हाउस के बैनर तले किया है।

### दूसरी फिल्म में काजोल के साथ दिखेंगे इब्राहिम

इब्राहिम, सैफ अली खान और उनकी पहली पत्नी अमृता सिंह के दूसरे बच्चे हैं। उनकी बड़ी बहन सारा अली खान भी फिल्मों में एक्टिव हैं। इब्राहिम ने एक्टिंग में डेब्यू करने से पहले 2023 में धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर अपने करियर की शुरुआत की थी। नादानियां के बाद इब्राहिम की दूसरी फिल्म सरजमीन होगी। इस फिल्म में वे काजोल के साथ दिखेंगे।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099